दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

महत्वपूर्ण एवं खास

रामविचार नेताम ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल को मजदुरों को वापस लाने लिखा पत्र

रायपुर,(आरएनएस)। कोरोना वायरस के चलते पूरे देश को 3 मई तक के लिए लॉकडाउन किया गया है जिसके कारण कई राज्यो में लोग फ्से हुए है इसी बीच छत्तीसगढ़ के दुर्ग, कवर्धा ओर राजनांदगांव लगभग 150 मजदूर तेलंगाना के रंगारेड्डी ज़िले में फ्से हुए है, इन मजदुरो ने नेताम में फ़ेन कर जानकारी दी कि ना ही उनके पास किसी प्रकार की राशन की व्यवस्था है ना ही कोई मूलभूत सुविधाएं है, उन्होंने नेताम से वापस छत्तीसगढ़ लाने हेतु विनती करते हुए और जब तक वे वह फ्से है उनके लिए राशन की व्ययस्था करने हेतु भी निवेदन किया है जिसके पश्चात छत्तीसगढ़ से राज्य सभा सांसद रामविचार नेताम ने मजदुरो की सूची के साथ पत्र लिख बघेल को अवगत कराया कि सभी मजदुरो के पास राशन , पानी समेत अन्य मूलभूत सुविधा नही होने के कारण भूखे रहने की की स्थिति निर्मित हो चुकी है, नेताम ने इन मजदुरों की वापसी हेतु आग्रह किया है साथ ही जब तक मजदूर वहां फ्से हुए है उनके निवास वाले स्थान पर आवश्यक राशन साम्रगी समेत अन्य मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किये जाने हेतु भी आग्रह किया है, नेताम ने तेलांगना के स्थानीय नेताओं से भी मौखिक चर्चा कर तत्काल आवश्यक व्यवस्था हेतु अनुरोध किया है

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया की दी शुभकामनाएं

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम जनता को अक्षय तृतीया (अक्ति) की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर किये गए काम अक्षय माने जाते हैं। इस दिन विवाह होना भी शुभ-माना गया है, इसलिए भारत में बहुत बड़ी संख्या में इस दिन विवाह होते हैं। इनमें कई बाल-विवाह के मामले भी सामने आते हैं। बघेल ने कहा कि बाल-विवाह एक सामाजिक कुरीति है, हमें इससे मुक्त होना है।

मंत्री भेंड़िया ने अक्षय तृतीया की दी बधाई

रायपुर, (आरएनएस)। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने प्रदेशवासियों को अक्षय तृतीया के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती भेंड़िया ने कहा है कि अक्षय तृतीया पर किये गए काम शुभ माने गए हैं। हमारे समाज की एक बड़ी कुरीति बाल विवाह के रूप में भी इस दिन सामने आती है। बाल विवाह कुरीति ही नहीं बच्चों के प्रति अपराध भी है, जो बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण जैसे कई मौलिक अधिकारों को उनसे दूर कर देता है। उन्होंने कहा है कि बच्चों को उनका बचपन जीने और विकास का पूरा मौका दें। श्रीमती भेंड़िया ने लोगों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण के संकट के समय में शासन के लॉकडाउन के निर्देशों का पालन करें।

संस्कृति संचालक अनिल कुमार साहू की सेवाएं वन विभाग को वापस

रायपुर, (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के संचालक अनिल कुमार साहू की सेवाएं तत्काल प्रभाव से वन विभाग को वापस सौंप दिया गया है। अनिल कुमार साहू भारतीय वन सेवा के 1990 बैच के अधिकारी हैं। साहू की सेवाएं वन विभाग को वापस करने के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर से आदेश जारी कर दिया गया है।

जिला आयुर्वेद के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए 2 लाख 45 हजार रुपए का सहायता राशि

रायपुर , 25 अप्रैल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री राहत कोष में स्वेच्छा से योगदान हेतु कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी के अधीनस्थ कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा एक दिवस का वेतन कटौती ई-पेरोल साफ्टवेयर के माध्यम से 2 लाख 45 हजार 682 रुपए जमा की गई है।

गंगरेल जलाशय के पानी से तालाब भरने का काम शुरू

रायपुर, (आरएनएस)।छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा गर्मी के मौसम में जिले के तालाबों में निस्तारी के लिए जल भरने का काम शुरू हो चुका है। इस क्रम में गंगरेल जलाशय से पानी जिले में बीबीसी केनाल के जरिये पहुंच गया है। गौरतलब है कि निस्तारी उपयोग के लिए हर वर्ष जिले के चुनिंदे तालाबों में जलभराव किया जाता है। जिले के 77 गांवों के 107 तालाबों को हर वर्ष की तरह इस साल भी पानी से भरने का लक्ष्य रखा गया है। एसडीएम सुश्री लवीना पाण्डेय एवं कार्यपालन अभियंता जल संसाधन बीपी सिंह ने आज बीबीसी केनाल एवं वितरक नहरों के कई स्थलों का निरीक्षण कर प्रवाहित जल का अवलोकन किया। एसडीएम सुश्री पाण्डेय ने कहा कि पानी बहुत मूल्यवान है।

पति पत्नी पर अजमानतीय अपराध खरसिया थाने में दर्ज

न्याय साक्षी/रायगढ़। खरसिया के भूपेन्द्र वैष्णव एवं उसकी पत्नी आरती वैष्णव पर महिला एवं बाल विकास विभाग में सहायक ग्रेड-01 के पद पर कार्यरत खिलावन सिंह राठौर पिता स्व0 श्याम सुंदर राठौर निवासी पुरानी बस्ती वार्ड नं. 07 खरसिया द्वारा बीते रात पुलिस चौकी खरसिया में लिखित आवेदन देकर चरित्र हत्या करने की धमकी देकर 02 लाख रूपये मांगने तथा नहीं मिलने पर अपनी बनाई एक विडियों वायरल कर छवि-धूमिल करने के संबंध में आवेदन दिया गया है।

रिपोर्टकर्ता खिलावन सिंह राठौर ने बताया कि दिनांक 21.04.2020 कि रात्रि में चौकी पुलिस खरसिया स्टाफ द्वारा इनके मोहल्ले पुरानी बस्ती में जुआ फड़ पर दबिश देकर जुआडियों को पकड़कर ले गए थे। पुलिसवालों के जाने के तुरंत बाद रात्रि लगभग 1100 बजे खरसिया काली मंदर के पास रहने वाले भूपेन्द्र वैष्णव और उसकी पत्नी आरती वैष्णव घर में आकर बोले की तुम्हारे मोहल्ले में तुम लोग जुआ खेल रहे थे। तुम दो लाख रूपये हमें दो नहीं तो तुम्हारा व तुम्हारा पुत्र का नाम भी इस प्रकरण में जोडवाकर तुम्हे बदनाम कर देगें, तुम कहीं भी मुंह दिखाने लायक नहीं होगे और साथ ही तुम्हारे नौकरी पर भी आंच आयेगी। तब घर के लोगों ने दोनों तुरंत घर से बाहर निकलो कहकर भगाये। जाते-जाते भूपेन्द्र वैष्णव और उसकी पत्नी आरती वैष्णव ने जान से मारने की धमकी देते हुए झूठा बालात्कार केस में फंसाने की धमकी दिये। दिनांक 22.04.2020 को खिलावन सिंह राठौर को पता चला कि भूपेन्द्र वैष्णव एवं उसकी पत्नी आरती वैष्णव झूठी खबरें सोशल मिडिया पर वायरल कर इन्हें बदनाम कर छवि धुमिल करने के लिए घृणित कार्य किया गया।

रिपोर्टकर्ता ने यह भी बताया कि इसके पहले राठौर भवन पुरानी बस्ती खरसिया में मार्च 2020 में मुख्यमंत्री कन्या दान सामुहिक विवाह को लेकर भूपेन्द्र वैष्णव व आरती वैष्णव द्वारा कहा गया था कि खरसिया में गुपचुप तरीके से शादी कराकर शादी में भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है हम लोगों को निमंत्रण क्यों नही दिये, 05 लाख रूपये तुरंत दो नहीं तो विभाग के साथ-साथ तुमको बदनाम कर दूंगा तुम्हारा नौकरी खा जाऊंगा। ÷ इस प्रकार की उनकी हरकतों से क्षुब्ध होकर खिलावन सिंह राठौर द्वारा दिनांक 24.04.2020 को चौकी खरसिया में आवेदन दिये जाने पर आरोपी भूपेन्द्र वैष्णव व आरती वैष्णव निवासी काली मंदिर खरसिया के विरूद्ध अपराध क्रमांक 220/2020 धारा 451, 384, 387, 506(बी), 120(बी), 34 आईपीसी दर्ज किया गया है।

आज सुबह इस प्रकरण के प्रार्थी व गवाहों का जे.एम.एफ.सी. न्यायालय खरसिया में कलमबद्ध ब्यान (धारा 164 सीआरपीसी) कराया गया है।

इसके पूर्व जिले के विभिन्न थानों भूपेन्द्र वैष्णव के विरूद्ध 07 अपराध डकैती, छेडखानी, ब्लैकमेलिंग, धोखाधड़ी, शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने, मारपीट गाली गलौच एवं जातीय हिंसा फैलाने के आरोप में दर्ज कर चालान किया गया है। साथ ही खरसिया पुलिस द्वारा वर्ष 2011 में भूपेन्द्र वैष्णव को 04 बार 110 सीआपीसी की कार्यवाही की गई है।

उसकी पत्नी आरती वैष्णव के विरूद्ध भी 03 अपराध जिसमें विशेष वर्ग की महिला के आफिस में जाकर बलवा सहित लूट करने, आमजन से गाली गलौच करने एवं जातीय हिंसा फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर विडियों वायरल करने का अपराध दर्ज किया गया है, जिसमें आरती वैष्णव चालान हुई है।

इसके अलावा समय-समय पर दोनों के विरूद्ध खरसिया पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। वर्तमान में दोनों के विरूद्ध पुलिस मुख्यालय एवं अन्य वरिष्ठ कार्यालयों से 20 गंभीर शिकायतें मिली हैं। ये शिकायतें अभी पुलिस जांच प्रक्रिया में हैं, जिनके सिद्ध होने पर दोनों पति-पत्नी की मुश्किलें और बढ़ सकती है परन्तु जिस पर आज खरसिया पुलिस द्वारा प्रकरण में प्रार्थी और गवाहों के कलमबद्ध ब्यान कराये गये हैं जिससे ऐसा लगता है कि दोनों को अब राहत मिलने वाली नहीं है। टी.आई. खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू ने बताया कि दोनों आरोपियों के विरूद्ध साक्ष्य पुख्ता किये जा रहे हैं, दोनों को शीघ्र गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जावेगा।

कोटा में अध्यनरत जिले के बच्चों को लेकर कल बजे वापस छत्तीसगढ़ के लिए निकलेंगी बसें

बच्चों को पिक अप करने बनाये गए हैं 3 पॉइंट

रायगढ़ए (आरएनएस) कोटा में फ्से छत्तीसगढ़ के बच्चों को वापस लाने रवाना हुई बस 26 अप्रैल 2020 को कोटा से बच्चों को वापस लेकर निकलेगी। बच्चों को छत्तीसगढ़ के संभागवार वापस रवाना किया जाएगा। बिलासपुर संभाग के बच्चों को लेकर जिसमें कि रायगढ़ जिला भी शामिल हैए बसें शाम 7 बजे कोटा से रवाना होगी। बच्चों को पिक अप करने के लिए कोटा शहर में 3 पिक अप पाईन्ट बनाये गये है।

जहां से बच्चे बसों में सवार होकर छत्तीसगढ़ के लिए वापस निकलेंगे। इन पिक अप पाईन्ट में सेंट्रल इन से 9ए सत्यार्थ से 8 और कुन्हाड़ी से 11 बसें निकलेंगी। रायगढ़ जिले के जो छात्र कोटा में अध्यनरत हैं और वापस आने वाले है उनसे छत्तीसगढ़ शासन व कोटा जिला प्रशासन द्वारा समन्वय किया जा रहा है। उनके पालको से अपील की जाती है कि वह भी अपने स्तर पर बच्चों से दूरभाष द्वारा संपर्क कर इन पिक अप पाईन्ट व रवानगी के समय के बारे में सूचित करें। छत्तीसगढ़ वापस आने पर बच्चों को क्वारेंटाईन किया जाएगा।

रायगढ़ जिले के बच्चों को किसी अन्य जिले में क्वारेंटाईन किया जाएगा। क्वारेंटाईन अवधि पूर्ण होने के पश्चात ही उन्हें घर जाने की अनुमति मिलेगी।

कोरोना जैसी गंभीर बीमारी पर राजनीति न करें भाजपा : संजय देवांगन

रायगढ़,(आरएनएस)। एक ओर जहां पूरा देश कोरोना के संक्रमण से जूझ रहा है और सरकार इसे रोकने के लिए तमाम तरह के उपाय कर रही है तो वहीं दूसरी ओर संकट की इस घड़ी में भी भाजपा के नेता अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूलकर कोरोना जैसी वैश्विक महामारी पर राजनीति कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय देवांगन ने विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि भाजपा को इस वैश्विक आपदा के दौर में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए राज्य व केंद्र सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करना चाहिए लेकिन पार्टी के नासमझ नेता किए कराए पर पानी फेरने की फिराक में हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल की दूरदर्शी सोच, संवेदनशीलता और कुशल रणनीतिक क्षमता की वजह से आज समूचा छत्तीसगढ़ कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण की स्थिति में है। प्रदेश के 23 जिले जहां ग्रीन जोन में हैं वहीं कोरोना पाजिटिव पाए जाने वाले जिलों में भी कोरोना का संक्रमण पूरी तरह नियंत्रण में है। सीमावर्ती प्रदेश उडीसा से जुडे होने और औद्योगिक जिला होने के बावजूद केबिनेट मंत्री उमेश पटेल के निरंतर कुशल संचालन, और रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक सहित जिले के पांचों विधायकों की सक्रियता की वजह से रायगढ़ जिला कोरोना संक्रमण से अब तक अछूता है और जिले में कोरोना का एक भी केस पाजिटिव नहीं मिला है। संजय देवांगन ने कहा है कि भाजपा के नेताओं को ये रास नहीं आ रहा है जिसकी वजह से वे अब लाक डाउन में और अधिक छूट देने की मांग कर कोरोना के संक्रमण को फिर से न्यौता देने और सरकार के किए धरे पर पानी फेरने की फिराक में हैं। उन्होने कहा है कि जिला प्रशासन की सजगता और जिला पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की वजह से ही जिले में कंपलीट लाक डाउन सफ्ल हो पाया है। अगर लाक डाउन में आवश्यता से अधिक ढील दे दी गई और इस दौरान अगर कोरोना का संक्रमण फैलता है तो क्या जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेंगे। लाक डाउन में अपने करीबी कारोबारियों की चिंता छोड़ कर भाजपा जिला अध्यक्ष जनहित के मुद्दों पर आगे आये। प्रदेश की भूपेश सरकार गरीबों की सरकार है और सरकार हर एक व्यक्ति की रोजमर्रा की जरुरतों का खयाल करते हुए उन्हें पर्यास राशन मुहैया करा रही है। बेहतर हो कि जिला भाजपा अध्यक्ष आपदा की इस घड़ी में आलोचना की बजाए जिला प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाएं।

कार में लेकर आ रहे था तम्बाखू और महुआ शराब पर जपती

अलग-अलग थाने में आरोपियों पर मामले हुए दर्ज

रायगढ(आरएनएस) कार्यपालिक दंडाधिकारी पुसौर द्वारा दिनांक 17/04/2020 को रेंगालपाली चेक पोस्ट के पास सतीश अग्रवाल निवासी लक्ष्मीपुर रायगढ को अवैध रूप से तम्बाखु उडिसा से रायगढ की ओर परिवहन करते हुये स्टाफ के साथ पकड़े थे। मारुति कार से 40 कट्टा कुल 50 किलो तम्बाखू जप्त किया गया था।

आरोपी सतीश अग्रवाल द्वारा लाकडाऊन का उलंघन किया गया था जिस संबंध कार्यालय दंडाधिकारी पुसौर से प्रतिवेदन प्राप्त होने पर दिनांक 25.04.2020 को सतीश अग्रवाल के विरूद्ध चौकी जुटमिल (थाना कोतवाली) में अप.क्र. 325/2020 धारा 188 भादवि दर्ज किया गया है। वहीं दिनांक 24.04.2020 के सुबह 6.00 बजे हीरापुर चौक में लाक डाउन डियूटी कर रहे कोतरारोड़ स्टाफ द्वारा मुखबिर सूचना पर ग्रे रंग के स्वीप्ट कार क्र. सीजी13डब्ल्यू685 में राकेश बघेल पिता विजय बघेल उम्र 28 साल साकिन नवापारा बघेल मोहल्ला थाना कोतरारोड को शराब लेकर बिक्री करने हेतु कुरमापाली, गोर्रा की ओर जाते हुए पकड़े जिसके पास से 65 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त किया गया है।

आरोपी की कार जप्त की गई है, जिसके विरूद्ध थाना कोतरारोड़ में धारा 34(2) 59(क) आबकार एक्ट की कार्यवाही की गई है।

हजारों भाई बहनों ने सामायिक कर भगवान महावीर को किया याद

रायपुर, (आरएनएस)। सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने बताया कि महावीर जयंती के दिन हजारों भाई बहनों ने अहिंसा व शांति के अग्रदूत,संयम व तप के साधक भगवान महावीर को अपने अपने घरों में स्मरण करते हुए सामायिक करते हुए समय का सदुपयोग किया। बरलोटा ने बताया कि रात्रि ने आधे घंटे का नवकार महामंत्र का जाप अपने अपने घरों में घर के सभी सदस्यों के साथ प्रतिदिन करने का कार्यक्रम अभी भी जारी है।जाप के पश्चात भगवान से प्रार्थना की जाती है कि किसी प्रकार की समस्या किसी को न हो।

कोटा से छात्रों को लाने 97 बसें भेजी गई

रायपुर, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशन पर कल शाम राजधानी रायपुर से राजस्थान के कोटा में लॉकडाउन के दौरान फ्से छात्र-छात्राओं को लाने कुल 97 बसों को रवाना किया गया है।

इसमें 95 बस छात्रों को लाने के लिए तथा 2 बसों में डॉक्टर और चिकित्सा दल के सदस्य गए हैं। मुख्यमंत्री बघेल के निर्देशन पर छात्र-छात्राओं के लिए भोजन सहित आवश्यक व्यवस्थाओं का भी ध्यान रखा गया है। बसों के साथ डॉक्टरों और अधिकारियों का दल भी भेजा गया है,

ताकि छात्रों को रास्ते में किसी तरह की परेशानी न हो। अधिकारियों ने बताया कि कोटा से वापस आने पर इन बच्चों को 14 दिन के क्वारेंटाईन पर रखा जाएगा। उन्हें सीधे घर जाने की अनुमति नही होगी। अभिभावक परिवहन विभाग के मोबाइल नम्बर 8959088986 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उदारमना व श्याम बाबा के अनन्य भक्त दिवंगत काशीराम अग्रवाल को श्रद्धांजलि

रायगढ़, (आरएनएस)। श्याम बाबा के अनन्य भक्त व श्याम मंडल के संस्थापक सदस्य काशीराम अग्रवाल के निधन पर श्याम मंडल, रायगढ़ चार्टर्ड एकाउंट एसोसिशन सहित विभिन्न संगठनों व गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। श्याम मंडल परिवार ने शोकसभा का आयोजन कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति और ईश्वर से उन्हें अपने चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की। सदस्यों ने श्याम मंदिर निर्माण व श्याम मंडल में दिवंगत काशीराम अग्रवाल के योगदान को याद किया। मंडल के नरसिंग केडिया, कैलाश अग्रवाल, शिव थवाईत, महावीर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल चिराग सहित अन्य सदस्यों ने काशीराम अग्रवाल के पुत्र डॉ. पवन अग्रवाल के रुकमणी विहार, कोतरा रोड स्थित निवास पर पहुंचकर अपनी शोक संवेदना प्रगट की। दिवंगत काशीराम अग्रवाल, श्याम मंडल के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, स्व. गोपाल अग्रवाल, डॉ. पवन अग्रवाल, सीए दिनेश अग्रवाल के पिता व सीए नितेश अग्रवाल के दादाजी थे। श्याम मंडल के प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल ने बताया कि हंसमुख, मिलनसार, उदारमना काशीराम अग्रवाल जी श्याम बाबा के अनन्य भक्त थे। उनमें वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। श्याम मंडल के संस्थापक सदस्य रहे काशीराम जी ने रायगढ़ में श्याम बाबा की महिमा को घर-घर तक पहुंचाने में अमूल्य योगदान दिया। आज जो श्याम मंदिर व श्याम महोत्सव की जो भव्यता दिखता है, उसमें उनका अमूल्य योगदान व परिश्रम शामिल है। श्याम मंदिर निर्माण के पूर्व उन्होंने अपने साथियों के साथ सुभाष चौक स्थित पुराना हनुमान जूटमिल धर्मशाला में 15-16 सालों तक श्याम महोत्सव का आयोजन किया और श्याम बाबा की कीर्ति व महिमा को लोगों तक पहुंचाने व लोगों को श्याम बाबा से जोडने अथक प्रयास किए। उन्होंने श्याम मंडल के अन्य संस्थापक सदस्यों के साथ वर्ष 1995 में मंदिर निर्माण की आधारशिला रखी और जीवन पर्यंत श्याम बाबा की सेवा में लगे रहे। उन्होंने श्याम मंडल के सभी सदस्यों को एकता के सूत्रों में बांधकर रखा और श्याम मंडल को नित नई ऊंचाईयां दीं। महावीर अग्रवाल ने कहा कि वे सही मायने में उदारमना व श्याम भक्त के अनन्य भक्त थे।

निगम के दूषित जल से पीलिया के प्रकोप का नया संकट खड़ा हुआ : भाजपा

रायपुर, (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के रायपुर जिला भाजपा उपाध्यक्ष सत्यम दुवा ने राजधानी में इन दिनों कोरोना वायरस संक्रमण के साथ-साथ पीलिया के मरीजों की संख्या में हो रहे इजाफे पर गहरी चिंता जताई है। दुवा ने कहा कि राजधानी में खतरनाक स्तर पर पहुँच चुके पीलिया का कहर गरीबों को दोहरी मार दे रहा है । नगर निगम, शासन-प्रशासन के साथ ही स्वास्थ्य विभाग को इसे गंभीरता से लेना चाहिए।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुवा ने कहा कि राजधानी के विभिन्न इलाकों में पीलिया के लगभग 18सौ मरीजों का मिलना बेहद गंभीर मामला है जिनमें से 519 मरीजों में बिलीरुबिन का अधिक मात्रा में पाया जाना और 317 मरीजों में अलग-अलग प्रकार के हेपेटाइटिस के लक्षण मिलने की सूचना है जो चिंता का विषय है। दुवा ने आरोप लगाया कि राजधानी के अमूमन सभी इलाकों में नगर निगम द्वारा दूषित पेयजल की आपूर्ति किए जाने से कोरोना संकट के दौर में पीलिया के प्रकोप का यह एक नया संकट खड़ा हो गया है। अब तो पीलिया के मरीज हेपेटाइटिस के शिकार हो रहे हैं। दुवा ने कहा कि पहले तो पीलिया के प्रकोप पर ठेले-खोमचों वालों के दूषित खानपान पर ठीकरा फेड़ कर निगम व स्वास्थ्य महकमा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेता था, लेकिन इस वर्ष तो लॉकडाऊन के चलते लोग बाहरी खानपान कर ही नहीं पा रहे हैं। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक में नगर निगम के पानी में ई-कोलाई और दूसरे अन्य बैक्टीरिया पाए जाने की बात सामने आने से यह स्पष्ट हो जाता है कि नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर अपनी जिम्मेदारी से मुँह चुरा रहे हैं और राजधानीवासियों को साफपानी तक मुहैया करा पाने में फिसड्?डी साबित हो रहे हैं।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष दुवा ने कहा कि कोरोना संकट के चलते जारी लॉकडाऊन में प्रभावित व जरूरतमंद परिवारों की सहायता सामग्री के भंडारण और वितरण के तौर-तरीकों को लेकर महापौर ढेबर के रवैए पर सवाल उठते रहे हैं। अब जबकि राजधानी पीलिया के गहराते संकट से जूझ रही है, तब महापौर को कोरोना को लेकर श्रेय बटोरने की सस्ती राजनीति का मोह त्यागकर राजधानी को पीलिया मुक्त करने और लोगों को एकदम साफ व शुद्ध पेयजल मुहैया कराने की दिशा में अपनी उस जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए, जिसके लिए वे महापौर पद पर बैठे हैं। दुवा ने कहा कि पीलिया की रोकथाम के लिए अगर जल्दी ही कोई कारगर कदम उठाकर पहल नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह होगी और कोरोना संक्रमण से ज्यादा पीलिया राजधानी का संकट बढ़ाएगा। दुवा ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, स्वास्थ्यमंत्री टीएस सिंहदेव और स्थानीय निकाय मंत्री शिव डहरिया से भी इस संकट की गंभीरता को देखते हुए कारगर पहल करने की मांग की है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480